आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.10.2025 **समय : 0705**

- **स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया गया।**
- **राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर कल आयुष परिसर में 'आयुष पोषण मेला' का आयोजन किया जाएगा।**
- **जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम से बैरेन द्वीप के लिए एक नई क्रूज सेवा शुरू करने की घोषणा की है।**
- **पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय द्वीप नारियल महोत्सव का आज समापन होगा।**

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के अंतर्गत राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम राज्य स्वास्थ्य सोसायटी की ओर से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव व मिशन निदेशक ऋचा मुख्य अतिथि के रूप में और स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। अपने संबोधन में, स्वास्थ्य सचिव ने तंबाकू नियंत्रण को बढ़ावा देने में स्कूलों, कॉलेजों और स्वास्थ्य अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शैक्षणिक परिसरों को पूरी तरह से तंबाकू मुक्त बनाए रखने के लिए तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के दिशानिर्देशों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। एनटीसीपी के नोडल अधिकारी डॉ. सत्यजीत हलदर ने युवाओं में तंबाकू के उपयोग के चिंताजनक आंकड़ों और शिक्षा एवं सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से तंबाकू नियंत्रण पहलों को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों ने तंबाकू के दुष्प्रभावों और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की शक्ति पर 'नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किए।

<><><><><><><>

सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय सूद ने कल देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में दूरसंचार के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने यह बात नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के अवसर पर आगामी उभरते विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन के लिए डिजिटल संचार थीम के लॉन्च की अध्यक्षता करते हुए कही। डिजिटल संचार थीम देश की असाधारण यात्रा और वैश्विक 6जी दौड़ में अग्रणी बनने के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतिबिंब है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय का आयुष विंग कल राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर आयुष परिसर में सुबह 10 बजे से 'आयुष पोषण मेला' आयोजित करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य समग्र पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आयुष–आधारित आहार पद्धतियों के महत्व के बारे में जानकारी देना है। इस अवसर पर आयुष पोषण पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों के लिए 'रेसिपी प्रतियोगिता' भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, आशा कार्यकर्ताओं और आम जनता के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में हाल ही में वर्चुअल मोड में मछुआरा निगरानी समूह की बैठक पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई ए की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन, रंगत एसडीपीओ चंदन जी.एस., डिगलीपुर एसडीपीओ अंकेश यादव, मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक तपन कुमार मंडल सहित जिले भर के मछुआरे शामिल हुए। बैठक के दौरान, मछुआरों ने अपने दैनिक कार्य और आजीविका को प्रभावित करने वाले विभिन्न परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों के को उठाया। अध्यक्ष ने मछुआरों को पुलिस विभाग से संबंधित सभी मुद्दों का शीघ्र और प्रभावी ढंग से समाधान करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों से आपराधिक गतिविधियों, नशीली दवाओं के दुरुपयोग या अन्य अवैध गतिविधियों से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत साझा करके पुलिस के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के निर्देशानुसार जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम से बैरेन द्वीप के लिए एक नई फोर्टनाइटली राउंड–वॉयेज क्रूज सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक सेवा भारतीय उपमहाद्वीप के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी देखने के लिए राउंड–सी यात्रा प्रदान करेगी। यह सेवा अपनी पहली यात्रा शुक्रवार, 24 अक्टूबर को हैडो जेट्टी से शुरू करेगी। सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए

यात्राओं की योजना अलग से बनाई जाएगी। इस विशेष यात्रा के लिए टिकट कल से जहाजरानी निदेशालय के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते हैं। इस यात्रा के लिए एक समान किराया होगा। इस यात्रा के लिए जहाज हैडो जेट्टी से पाक्षिक शुक्रवार को रात 9 बजे छूटेगा और शनिवार शाम चार बजे वापसी करेगा। यात्रा किराए के अलावा भोजन के लिए प्रति यात्री 2,000 रुपये का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ने के बाद रिसेप्शन काउंटर से भोजन कूपन खरीदना होगा।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, की ओर से "नारियल का उत्सव – द्वीपसमूह की संस्कृति, व्यंजन और शिल्प" विषय पर आयोजित दो दिवसीय द्वीप नारियल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पर्यटन आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी, निदेशक विनायक चमड़िया, प्रशासन और विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, और आम जनता उपस्थित थीं। आयुक्त–सह–सचिव ने विभिन्न स्टॉलों का दौरा कर प्रत्येक स्टॉल में प्रदर्शित रचनात्मकता और शिल्प कौशल की सराहना की। नारियल–आधारित पर्यटन और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, यह उत्सव एक संवादात्मक और मनोरंजक अनुभव प्रदान करता है। महोत्सव में विविध व्यंजनों और शिल्पों के अलावा, विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी शामिल हैं। इस अवसर पर शिक्षा व खेल विभाग की ओर से बच्चों के लिए खेल गतिविधियां और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, ने समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के शैक्षिक सशक्तिकरण और सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए "राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति" नामक एक योजना शुरू की है। यह योजना अनुसूचित जाति, जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगर समुदायों के निम्न आय वर्ग के छात्रों को मास्टर या पीएचडी डिग्री के लिए विदेशों में शीर्ष 500 क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता करती है। इसके लिए उम्मीदवार 24 अक्टूबर तक एनओएस पोर्टल पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके अलावा पहले ये जमा किए जा चुके आवेदन में सुधार के लिए यह पोर्टल 26 से 29 अक्टूबर तक 4 दिनों के लिए खुला रहेगा। पात्रता मानदंड और अन्य विवरण योजना एनओएस पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से कल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोलदारी में सर्पदंश विष निवारण एवं नियंत्रण पर एक दिवसीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुब्रत साहा ने सर्पदंश से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला लोक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजीव कुमार घोष ने सर्पदंश की शीघ्र पहचान, प्राथमिक उपचार के उपाय और सामुदायिक जागरूकता रणनीतियों जैसे प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ नर्स, सहित आशा और आईसीडीएस कार्यकर्ता शामिल थे।

<><><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, और सामुदायिक विकास खंड, उद्योग विभाग के सहयोग से 10 दिवसीय सिलाई और कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम कल डिगलीपुर में शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, खंड विकास अधिकारी एम. राजेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उद्योग संवर्धन अधिकारी, आफरीन नीसा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया। इस अवसर पर सभी 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट वितरित किया गया। प्रशिक्षण 21 अक्टूबर तक चलेगा।

<><><><><><><>